❋ श्री गंगा जी का ध्यान ❋

आदावादिपितामहस्य निगमव्यापार पात्रे स्थितम्।
पश्चात्पन्नगशयिनो भगवतः पादोदकं पावनम्।
भूयः शम्भुजटाविभूषणमणिर्जह्नो महर्षेरियम्।
कन्या कल्मष हारिणी भगवती भागीरथी दृश्यते।।

(धर्म सिन्धु)

महर्षि जह्नू की कन्या–जाह्नवी–पापहारिणी–भगवती भागीरथी सर्वप्रथम प्रजापति भगवान् ब्रह्मा के कमण्डलु के जल रूप में तदनन्तर शेषशायी भगवान् विष्णु के चरणोदक रूप में तथा पुनः भगवान् शंकर के जटाविभूषण रूप में भक्तों को दर्शन प्रदान करती है।

इदं ब्रह्मा इदं विष्णु इदं देवो महेश्वरः।
इदमेव निराकारं निर्मलं जाह्नवी जलम्।।

यह गंगा जल साकार रूप में ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश्वर है और यह ही निराकार रूप में निर्मल जाह्नवी जल है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वंश बचाओ

श्री गंगा देव्यै नमः

श्री गंगा सभा (रजि०) हरिद्वार

की ओर से

आप सभी को नव-सम्वत्सर २०७४ की हार्दिक शुभकामनायें।

कृष्ण कुमार शर्मा
सभापति

पुरूषोत्तम शर्मा ''गांधीवादी''
अध्यक्ष

रामकुमार मिश्रा
महामंत्री

हम सबका एक ही संकल्प अविरल गंगा, निर्मल गंगा।
पॉलिथिन प्रतिबन्धित है, पॉलिथिन का प्रयोग न करें।
ब्रह्मकुण्ड हर की पौड़ी की मर्यादा बनायें रखें।

website: www.shrigangasabha.org
Email: helpdesk@shrigangasabha.org

अभ्यर्थना

आदरणीय श्रद्धालु महानुभाव,

परम हर्ष के साथ श्री गंगा तिथि पर्व निर्णय पत्रिका सम्वत् 2074 विक्रमी आपके उपयोगार्थ प्रस्तुत करते हुए श्री गंगा सभा (रजि.) आपको 'नव सम्वत्' की हार्दिक शुभ कामनाएं प्रेषित करती है। आपके लिए नूतन वर्ष समृद्धि वैभव एवं मंगलकारी हो।

आपको विदित ही है कि प्रत्येक वर्ष श्री गंगा सभा की विद्वत्–परिषद वर्ष के पर्व, तिथि, पुण्यकाल में एकरूपता स्थापित करने हेतु तथा व्रत, त्यौहार आदि एक ही दिन मनाये जा सकें, इस उद्देश्य से तिथि पर्व सूची का यह सर्वसम्मत प्रकाशन करती आ रही है क्योंकि विभिन्न पंचांगों में देश–काल के अनुरुप भिन्नता पाई जाती है। सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित की जाने वाली यह पर्व सूची सरल, बोधगम्य होने के कारण निरन्तर लोकप्रिय हो रही है तथा देश–विदेश में भी इसकी मांग निरन्तर बढ़ती जा रही है। श्री गंगा सभा द्वारा यह प्रकाशन विगत कई दशक से निःशुल्क वितरित किया जाता है। श्रद्धालु पाठकों को श्री गंगा सभा कार्यालय से यह पत्रिका वर्ष भर उपलब्ध होती है। यह पत्रिका आपको डाक द्वारा निःशुल्क भेजे जाने की भी व्यवस्था है।

भारत रत्न महामना पं0 मदन मोहन मालवीय जी द्वारा स्थापित श्री गंगा सभा के शताब्दी वर्ष में महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी, 29 सितम्बर 2016 को हरिद्वार पधारे एवं गंगा आरती में सम्मिलित होकर गंगा सभा के कार्यो की भूरि–भूरि प्रशंसा की है।

जो श्रद्धालु इस पर्व पत्रिका का हिन्दी अथवा अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित कराने में सहयोग करना चाहते है, सभा उनका हार्दिक स्वागत करती है। इस हेतु सभा के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रद्धालुओं को आमन्त्रण

श्री गंगा सभा (रजि.) देशकाल के अनुरूप प्रतिदिन हरकी पैड़ी पर श्री गंगा पूजन, आरती, भोग, सत्संग आदि का आयोजन करती आ रही है। इन धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर यात्रीगण अपनी यात्रा को सफल मानते हैं। जाति, वर्ण, वेष, भाषा, प्रान्त, क्षेत्र, उच्च–निम्न आदि विभेदों से ऊपर उठकर सभी लोग समान रूप से माँ गंगा के अंक में तन्मय भाव से प्रातः एवं सायंकाल की आरती में शंख–घण्टे, घड़ियाल की मधुर ध्वनि, वैदिक मन्त्रों के कर्णसुखद घोष, गंगा प्रवाह में प्रवाहित असंख्य दीप–माला, आरती की दीर्घाकार प्रज्वलित ज्योति, निर्मल जल में पड़ता हुआ उसका स्वर्णिम प्रतिबिम्ब, सहस्त्रों भावुक भक्तों के मुख से समवेत स्वर का कीर्तन व माँ गंगा का जय–जय नाद देख और सुनकर मन्त्र मुग्ध हो जाते हैं। श्री गंगा सभा इस अलौकिक आनन्द का लाभ उठाने के लिए आप सबको आमन्त्रित करती है। जो श्रद्धालु यात्रीगण स्वयं आरती कराना चाहें अथवा उक्त धार्मिक कृत्यों में भाग लेना चाहें वह हमारी वेबसाइट पर जाकर अथवा पत्राचार द्वारा श्री गंगा सभा (रजि.) में सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रातःकालीन मंगला आरती	–	प्रतिदिन सूर्योदय के समय
सांध्यकालीन श्रृंगार आरती	–	प्रतिदिन सूर्यास्त के समय
श्री गंगा जी का भोग	–	नित्य अपराह्न 12 बजे

तीर्थ शिरोमणि हरिद्वार एवं हरकी पैड़ी (ब्रह्मकुण्ड)का महत्व

पतित पावनी, मोक्षदायिनी, भगवती भागीरथी मां गंगा के सुरम्य तट पर अवस्थित एवं हिमालय की शिवालिक पर्वत श्रेणियों की सुन्दर नयनाभिराम, प्राकृतिक दृश्यावलियों से घिरा रमणीक विश्वविख्यात महानतम तीर्थ–हरिद्वार का ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यन्त गौरवशाली स्थान है। तीर्थराज हरिद्वार सदैव कुम्भ, अर्द्धकुम्भ जैसे महान पर्व मेलों पर भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, देश की गरिमा तथा हिन्दू धर्म की विशालता का पावन सन्देश समस्त संसार को देता रहा है। हरिद्वार का हिन्दू तीर्थों में प्रमुख स्थान है।

पर्वतराज हिमालय की गोद में अठखेलियाँ करती पुण्य सलिला, भागीरथी माँ गंगा असंख्य मनुष्यों को मोक्ष प्रदान करने हेतु हरिद्वार की समतल भूमि पर अवतरित हुई है। शिखरावलियों से उतर कर समतल भूमि पर जाह्नवी गंगा की नई प्राकृतिक छटा का मनमोहक रूप देखते ही बनता है। ब्रह्मकुण्ड हरकी पैड़ी में श्रीगंगा जी का दर्शन पुण्य की दृष्टि से तो परम स्तुत्य है ही, अपितु प्राकृतिक सौन्दर्य की दृष्टि से भी अद्वितीय है। भारत के अनेक धार्मिक ग्रन्थों व पुराणों में ब्रह्मकुण्ड हरकी पैड़ी की महिमा का वर्णन किया गया है।

हरिद्वार पावन तीर्थ पर हर की पौडी (ब्रह्मकुण्ड) कुशावर्त घाट आदि प्रसिद्व तीर्थ है जिनका वर्णन पुराणों में स्पष्ट रूप से मिलता है।

स्कन्द पुराण के केदारखण्ड अध्याय 111 मे वर्णन आता है कि इलावृत्त वर्ष में श्वेत नामक महायशस्वी राजा हुए उन्होनें गंगातट पर दस हजार वर्षो तक दारूण तप किया तब ब्रह्मा जी ने प्रसन्न होकर वर मांगने के लिए कहा, राजा श्वेत ने कहा यहाँ आपका (ब्रह्माजी) विष्णु जी तथा शिवजी का शीघ्र निवास हो, सभी देवों की स्थिति भी यहां हो, पृथ्वी पर जितने तीर्थ है वे सब यहाँ पर स्थिर रहें, ब्रह्मा जी ने कहा यह तीर्थ महापुण्यदायक तथा तीनों लोकों में अत्यन्त दुर्लभ होगा तथा आज से मेरे नाम से विख्यात होगा जो इस ब्रह्मकुण्ड में स्नान करेंगे व परम पद को प्राप्त करेंगे यहां जो कर्म किया जायेगा वह अनन्त फलदायक होगा।

राजा विक्रमादित्य के भाई श्री भतृहरि ने यहां तपस्या करके परमपद को प्राप्त किया, उनकी स्मृति में राजा विक्रमादित्य ने यहाँ पौडियों का निर्माण कराया जो कालान्तर में हरि की पौड़ी के नाम से प्रसिद्व हुआ।

ब्रह्मकुण्ड के दक्षिण में कुशावर्त नामक महातीर्थ है स्कन्दपुराण के केदारखण्ड अध्याय 112 में वर्णन आता है। गंगा आगमन के समय महातपस्वी दत्तात्रेय मुनि दस हजार वर्षो तक एक पैर पर खड़े रहकर तपस्या में लीन थे, तभी गंगा ने उनके कुश दण्ड तथा कमण्डलु को बहा दिया परन्तु गंगा मुनि के कुशों को अपने भँवर में धारण किये रही तब मुनि को बहुत क्रोध उत्पन्न हुआ परन्तु ब्रह्मा आदि देवताओं द्वारा गुरू दत्तात्रेय की स्तुति करने पर मुनि ने प्रसन्न होकर कहा–इस श्रेष्ठ तीर्थ में आपका नित्य निवास हो यहां गंगा ने मेरे कुशों को अपने भंवर में धारण किया है। अतः अब से यह तीर्थ कुशावर्त नाम से प्रसिद्ध होगा जो धन्य मानव यहाँ स्नान तथा पितृ श्राद्ध तर्पण दान–यज्ञ

आदि करेंगे उनके पितरों तथा उनका भी पुनर्जन्म नहीं होगा अर्थात् मोक्ष को प्राप्त होंगे, महातीर्थ कुशावर्त में दिया गया दान कोटि गुणा फलदायक होगा।

इसके अतिरिक्त बिल्केश्वर नीलधारा तथा कनखल महातीर्थ है। इनमें स्नान करने से पुनर्जन्म नहीं होता।

प्रत्येक हिन्दू की यह हार्दिक अभिलाषा रहती है कि हरिद्वार आकर करोड़ों मानवों के श्रद्धा केन्द्र, पवित्रतम तीर्थ स्थल ब्रह्मकुण्ड में स्नान करके अपना लोक–परलोक सुधारें। अपने मृतक सम्बन्धियों की अस्थियाँ ब्रह्मकुण्ड के पवित्र गंगाजल में प्रवाहित करें और अपने पितरों के निमित्त हरिद्वार स्थित दूसरे पौराणिक तीर्थस्थल कुशावर्त में श्राद्धतर्पण क्रिया आदि करें।

श्री गंगा सभा की स्थापना का इतिहास

हरिद्वार हरकी पैड़ी में पतित पावनी कल–कल निनादिनी, कलिमलहारिणी, भवमोचिनी भगवती भागीरथी की अविच्छिन्न धारा प्रवाहित होती रही है परन्तु सन् 1914 में तत्कालीन अंग्रेजी सरकार के नहर विभाग ने गंगा जी की प्राकृतिक एवं अविच्छिन्न धारा को बाँध द्वारा अवरूद्ध करके उसे कृत्रिम एवं नियन्त्रित धारा के रूप में हरकी पैड़ी में प्रवाहित करने की कलुषित योजना बनाई थी। इस योजना का ज्ञान होते ही स्थानीय तीर्थ–पुरोहित समाज एवं श्रीमहन्तों में असन्तोष उत्पन्न हो गया और शीघ्र ही यह असन्तोष एक तीव्र रोष में बदल गया।

सौभाग्य से इस रोष को ब्रह्मगौरव भारतभूषण महामना पं0 मदन मोहन मालवीय जी का आशीर्वाद प्राप्त हो गया, उन्होंने तीर्थ–पुरोहित समाज तथा श्रीमहन्तों का नेतृत्व किया तथा एक जन–आन्दोलन को जन्म दिया। महामना मालवीय जी के जन–आह्वान से प्रेरित होकर भारत के प्रमुख राजा

दरभंगा नरेश, जयपुर नरेश, अलवर नरेश तथा कलकत्ता के न्यायाधीश श्री चटर्जी ने उसमें भाग लिया, इसके अतिरिक्त श्री सुखवीर सिंह एम.एल.सी. मुजफ्फरनगर, श्री पं0 देवरत्न शर्मा, श्री महन्त लक्ष्मणदास जी देहरादून, श्री आनन्द नारायण जी देहरादून, अवकाश प्राप्त चीफ इन्जीनियर राजा ज्वाला प्रसाद जी आदि ने इस धर्म आन्दोलन में मालवीय जी को पूर्ण सहयोग दिया। इस आन्दोलन के स्थानीय नेताओं में तीर्थ पुरोहित श्री सुरजी बाबू पण्डा, पं० परमानन्द सराय वाले, सरदार रामरक्खा जी वशिष्ठ, पं. आत्माराम विद्याकुल, पं. कृपाराम शर्मा, पं. गंगाप्रसाद मिश्रा विशेष उल्लेखनीय है।

अन्ततः अंग्रेजी सरकार के शासक गवर्नर महोदय को इस आन्दोलन के सम्मुख घुटने टेकने के लिए विवश होना पड़ा और गंगा जी की प्राकृतिक एवं अविच्छिन्न धारा पर बांध लगाने की उक्त कलुषित योजना को रद्द करना पड़ा। गवर्नर महोदय ने स्पष्ट शब्दों में आश्वासन दिया कि धारा नं० 1 जिसके द्वारा ब्रह्मकुण्ड हरकी पैड़ी में जल पहुंचता है, उसे अवरूद्ध न किया जायेगा तथा निकटस्थ घाटों पर निर्बाध प्रवाहित होने दिया जायेगा। हिन्दू समाज की सहमति के बिना इस सम्बन्ध में कोई भी निर्णय न लिया जायेगा। निश्चय ही यह धर्म एवं आस्था की अविस्मरणीय विजय थी।

शीघ्र ही गवर्नर महोदय द्वारा दिये गये आश्वासन की नहर विभाग द्वारा अवहेलना आरम्भ हो गयी। नहर विभाग ने प्राकृतिक धारा नं0 1 पर एक बांध बनवाना चाहा, जिसके निर्माण से गंगा जी की प्राकृतिक धारा की अविच्छिन्नता समाप्त होनी प्रायः निश्चित हो गई। अतः आन्दोलन ने पुनः जोर पकड़ा और भारत रत्न पंड़ित मदन मोहन मालवीय जी ने पुनः इस आन्दोलन

का नेतृत्व किया। देश भर में नहर विभाग के इस निर्णय के विरूद्ध सभाएं आयोजित करके विरोध प्रदर्शित किया गया। इस आन्दोलन ने दो वर्ष के अन्दर विराट रूप धारण कर लिया। तत्कालीन गर्वनर सर जेम्स मेस्टन का सिंहासन डोल उठा और विवश हो उन्हें इस आन्दोलन की तुष्टि का समाधान खोजने हेतु गम्भीर विचार करने के लिए एक विशाल सम्मेलन आयोजित करना पड़ा। यह सम्मेलन 18–19 दिसम्बर सन् 1916 को हरिद्वार में सम्पन्न हुआ जिसमें ग्वालियर, जयपुर, बीकानेर, पटियाला, अलवर, बनारस, कासिम बाजार आदि के राजा–महाराजा तथा अनेक विश्वविख्यात हिन्दू नेता सम्मिलित हुए। मालवीय जी ने इस आन्दोलन में भारतीय जनमानस का प्रतिनिधित्व किया तथा सरकार के निर्णय का जोरदार विरोध किया। दो दिन तक विस्तृत वाद–विवाद हुआ और अन्त में भारत रत्न मालवीय जी के अथक प्रयास से अंग्रेजी सरकार को जन आन्दोलन की भावना के समक्ष समर्पण करना पड़ा। फलस्वरूप सरकार को हिन्दू जनता से स्थाई एवं लिखित समझौता करना पड़ा जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख किया गया कि हरकीपैड़ी से एक मील नीचे तक कोई बांध नहीं बनाया जायेगा तथा गंगा जी की धारा को अविच्छिन्न बनाये रखने एवं तीर्थ की मर्यादा को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सरकार द्वारा अनेक स्पष्ट आश्वासनों का इस समझौते में समावेश किया गया।

उक्त समझौते को दोनों पक्षों ने सर्व सम्मति से स्वीकार किया जिसके कारण जन–आन्दोलन की उग्रता पर्याप्त रूप से शान्त हो गई, परन्तु

हिन्दू नेताओं के मस्तिष्क में यह आशंका शेष रही कि इस समझौते की भविष्य में पुनः अवहेलना न हो जाये अथवा तीर्थ की पवित्रता एवं मर्यादा भंग न हो सके। अतः एक ऐसी संस्था की आवश्यकता अनुभव हुई जो हिन्दू जनता का स्थाई प्रतिनिधित्व कर सके तथा तीर्थ की मर्यादा एवं सुव्यवस्था को संतोषजनक रूप से बनाये रखने का महान उत्तरदायित्व वहन कर सके। इस पवित्र भावना से प्रेरित होकर महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी ने हरिद्वार के स्थानीय तीर्थ पुरोहित समाज और श्रीमहन्तों के सहयोग से सन् 1916 में श्री गंगा सभा (रजि.), हरिद्वार की स्थापना की।

श्री गंगा सभा (रजि.) हरिद्वार का संक्षिप्त परिचय–

विश्वविख्यात तीर्थ हरिद्वार में ब्रह्मकुण्ड हरकी पैड़ी, कुशावर्त एवं कनखल आदि प्रमुख तीर्थ स्थल हैं और इन तीर्थस्थलों की पवित्रता, स्वच्छता एवं व्यवस्था का दायित्व यहां की एकमात्र प्रबन्धकारिणी संस्था श्री गंगा सभा (रजि.) के ऊपर है।

हरकी पैड़ी की सफाई, स्वच्छता, प्रबन्ध व्यवस्था एवं श्री गंगा जी की प्रातः एवं सांध्यकालीन चित्ताकर्षक आरती का दैनिक आयोजन, नित्य विद्वान पण्डितों द्वारा कथा, धर्मोपदेश, निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था, सैकड़ों स्वयंसेवकों के सहयोग से पर्व–मेलों का प्रबन्धन आदि कार्य सभा की सेवा के प्रमुख अंग हैं। सभा ने समय–समय पर अनेक जनोपयोगी कार्य तीर्थ की पवित्रता एवं मर्यादा को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सम्पन्न किए तथा कराए हैं। हरिद्वार का जो वर्तमान स्वरूप आपके सामने हैं, इसमें श्री गंगा सभा का

विशेष योगदान रहा है।

उत्तराखण्ड के अति पवित्र और प्राचीन पुण्य क्षेत्र हरिद्वार, कनखल, ऋषिकेश और मायापुरी के गंगा तटस्थ तीर्थ स्थानों की पवित्रता, मर्यादा और अधिकारों की रक्षा करना, माँ गंगा तथा उसके पुनीत भक्ति भाव का संरक्षण करना श्री गंगा सभा के उद्देश्यों में प्रमुख है। परम सन्तोष एवं हर्ष का विषय है कि सभा अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त करती चली आ रही है। आज सभा का 100 वर्ष का भव्य एवं प्रेरक इतिहास है।

श्री गंगा सभा की उपलब्धियां एवं कार्य विवरण–

श्री गंगा सभा स्थापना के समय से ही प्राणी मात्र की भलाई तथा धार्मिक उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रही है। सभा द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार हैं–

(1) श्री गंगा सभा के प्रयास से हरकी पैड़ी क्षेत्र में चमड़े की बनी वस्तुएँ जूता, चप्पल आदि ले जाने पर सन् 1927 में प्रतिबन्ध लगाया गया हरकी पौड़ी क्षेत्र में सिनेमा विज्ञापन लगाया जाना वर्जित किया गया है। श्री गंगा सभा नहीं चाहती कि तीर्थ यात्रियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचे।

(2) घाटों के विस्तार की आवश्यकता को देखते हुए सभा ने सन् 1938 में हरकी पैड़ी के घाटों का विस्तार कराया।

(3) सन् 1935 में कथा सत्याग्रह आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। नगर पालिका

द्वारा हरकी पैड़ी क्षेत्र में कथा धर्म प्रचार आदि पर रोक लगाई जा रही थी। श्री गंगा सभा द्वारा सत्याग्रह कर म्युनिसिपल बाईलाज में संशोधन कराया गया जिससे श्री गंगा सभा को हर की पौड़ी पर कथा, धर्म प्रचार हेतु कानूनी मान्यता प्राप्त हुई।

(4) सन् 1937 में हरकी पैड़ी पर अस्थि प्रवाह आन्दोलन की सफलता से अस्थि प्रवाह घाट का निर्माण हुआ।

(5) श्री गंगा सभा के प्रयास से माँ गंगा जी के जल को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु नगर में सन् 1933 में सीवर लाइन की योजना स्वीकृत हुई तथा सन् 1937 में योजना का क्रियान्वयन हुआ। तभी से निरन्तर इस योजना पर कार्य चल रहा है।

(6) गंगा सभा के संस्थापक महामना भारत रत्न पं० मदनमोहन मालवीय जी की संगमरमर की प्रतिमा की स्थापना हरकी पैड़ी स्थित घण्टाघर टापू पर की गई तथा उसका नाम परिवर्तित कर "मालवीय द्वीप" रखा गया।

(7) हरिद्वार क्षेत्र में मद्य–मांस, नशाबन्दी को लेकर श्री गंगा सभा द्वारा 1928 से छेड़े गये जन आन्दोलन के कारण ही सरकार को विवश होकर हरिद्वार को 1949 में ड्राई एरिया घोषित करना पड़ा। इसके अतिरिक्त हरिद्वार में मछली पकड़ना भी कानूनन वर्जित किया गया

(8) श्री गंगा सभा के अथक प्रयासों से तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए हरिद्वार नगर में रेलवे टिकट घर खुलवाया गया।

(9) श्री गंगा सभा के प्रयास से हरिद्वार के प्रमुख मार्ग अपर रोड़ का नाम सन् 1961 में मालवीय मार्ग स्वीकार किया गया।

(10) सन् 1977 में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा का गठन किया गया तथा इसका मुख्य कार्यालय भी श्री गंगा सभा (रजि.) के कार्यालय में ही स्थापित है।

(11) सन् 1978 में हरिद्वार नगर में तीर्थयात्रियों की सुविधार्थ श्री गंगा सभा अतिथि भवन की स्थापना एवं निःशुल्क संचालन

(12) सन् 1985 में श्री लक्ष्मी चन्द पुरोहित धर्मशाला ज्वालापुर की स्थापना तथा सन् 1993 से धर्मशाला का विकास कार्य पूर्ण कर सुचारु संचालन।

(13) श्री गंगा सभा के प्रयास से हिन्दूजा फाउन्डेशन मुम्बई के सहयोग से सन् 1986 में महिला घाटका निर्माण किया गया। जिसका लोकार्पण तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा किया गया।

(14) हरकी पैड़ी स्थित श्री गंगा सभा शाखा कार्यालय का तटवर्ती हवन घाट सन् 1988 में संगमरमर का फर्श लगाकर पुनर्निर्मित किया गया।

(15) हरकी पैड़ी महिला घाट के निकट माँ गंगा मन्दिर का निर्माण श्री गंगा सभा द्वारा कराया गया।

(16) श्री गंगा सभा द्वारा हरकी पैड़ी पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटरों की व्यवस्था।

(17) विगत 59 वर्षों से सभा की विद्वत् परिषद द्वारा श्री गंगा तिथि पर्व निर्णय पत्रिका का प्रतिवर्ष प्रकाशन तथा निःशुल्क वितरण किया

जाता है।

(18) सन् 1993 से श्री गंगा सभा द्वारा सार्वजनिक सेवा हेतु एम्बुलेन्स वाहन का सुचारु संचालन किया जा रहा है

(19) सन् 1996 से श्री गंगा सभा द्वारा जनसुविधार्थ निःशुल्क अन्तिम यात्रा वाहन का सुचारु संचालन।

(20) सन् 2000 में कनखल में श्री गंगा सभा धर्मशाला की स्थापना एवं सन् 2013 में धर्मशाला का नया निर्माण कार्य पूर्ण कर सुचारू रूप से संचालन प्रारम्भ।

(21) सन् 2002 में हरकी पैड़ी पर यात्रियों के लिये पानी पीने के वाटर कूलर की व्यवस्था की गई।

(22) माँ गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु श्री गंगा सभा के सुझाव पर सन् 2003 में कांगड़ा पुल से भीमगोडा पुल तक गंगा तट पर सीवर लाईन डालकर घाट का निर्माण किया गया।

(23) सन् 2004 में अर्द्ध कुम्भ के अवसर पर श्री गंगा सभा के प्रयास से कनखल, सती घाट का विस्तार तथा पुल का निर्माण भी किया गया।

(24) सन् 2004 में ही श्री गंगा सभा के सुझाव पर कार्यवाही करते हुए उत्तराखण्ड शासन द्वारा पौराणिक तीर्थ कुशावर्त घाट का विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण किया गया।

(25) सन् 2008 में सम्पूर्ण भारत के धर्माचार्यों द्वारा मां गंगा के संरक्षण हेतु छेड़े गये जन आंदोलन में श्री गंगा सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस जन आन्दोलन के परिणामस्वरूप ही भारत सरकार द्वारा गंगा नदी को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया गया।

(26) ज्वालापुर मे वर्ष 2010 से श्री मालवीय धाम का निर्माण एवम् निःशुल्क संचालन।

(27) वर्ष 2011 से श्री गंगा सभा (रजि0) द्वारा दैनिक आरती के समय उपस्थित हजारों श्रद्धालु तीर्थयात्रियों को माँ गंगा की निर्मलता बनाये रखने एवम् प्रदूषण मुक्ति हेतु संकल्प कराया जाता है एक अनुमान के अनुसार लगभग एक करोड़ 50 लाख से ज्यादा लोगों को यह संकल्प कराया जा चुका है।

(28) वर्ष 2012 से हर की पौड़ी के सपूर्ण क्षेत्र एवम् मालवीय द्वीप आदि का संपूर्ण रख–रखाव व सफाई व्यवस्था का संचालन।

(29) श्री गंगा सभा द्वारा निरन्तर निःशुल्क पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, योग साधना एवं योग चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य सभा द्वारा किया जा रहा है।

(30) श्री गंगा सभा द्वारा देश के दूरस्थ क्षेत्रों तथा विदेशों के हिन्दू धर्मावलम्बियों द्वारा प्रेषित अस्थियों को विधिपूर्वक गंगा जी में प्रवाहित किया जाता है यात्रियों की मांग पर उन्हें घर बैठे निःशुल्क गंगाजल भिजवाया जाता है। असहाय एवं गरीबों को सहायता प्रदान की जाती है। यात्रियों, पर्यटकों को यात्रा से सम्बन्धित वांछित सलाह एवं सहयोग दिया जाता है।

(31) श्री गंगा सभा को कुम्भ एवं अर्द्धकुम्भ सलाहकार समिति, जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति (*ZRUCC*) हरिद्वार विकास समन्वय समिति, हरिद्वार महोत्सव समिति आदि अनेक शासकीय समितियों में प्रतिनिधित्व प्राप्त होता रहता है। इसके अतिरिक्त

अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा, उत्तर प्रदेश तीर्थ पुरोहित महासभा, ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम कमेटी आदि में स्थाई प्रतिनिधित्व प्राप्त है।

(32) श्री गंगा सभा के 100 वर्षीय कार्यकाल के सामाजिक, धार्मिक, जन कल्याणकारी कार्यो एवं हरकी पौड़ी की सुव्यवस्था की प्रशंसा विभिन्न धर्माचार्यो, राष्ट्राध्यक्षों, महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपालों, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों, विदेशी राजनयिकों, केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यमंत्रियों, राजकीय उच्चाधिकारियों राज नेताओं तथा पत्रकारों द्वारा सैकड़ों पत्रों के माध्यम से की गई है।

(33) केदारनाथ धाम एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में आई दैवीय आपदा से प्रभावित हुये लोगों की सहायता हेतु माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड कोष में सभा द्वारा 5 लाख रू. प्रदान किये गये। हरिद्वार में विभिन्न स्थानों पर सहायता हेतु आपदा पीड़ित यात्रियों के लिए राहत शिविर लगाये गये तथा राहत सामग्री वितरित की गई। दैवीय आपदा के कारण दिवगंत आत्माओं की शान्ति हेतु श्रद्धांजलि सभा, शान्ति पाठ एवं तिल तर्पण कार्यक्रम श्री बद्रीनाथ एवं केदारनाथ मन्दिर समिति तथा श्री गंगा सभा (रजि0) हरिद्वार द्वारा संयुक्त रूप से हर की पौड़ी हरिद्वार में किया गया।

(34) 2,51,000 रूपये की नेपाल में आये भयंकर भूकम्प की त्रासदी में मारे गये लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड राहत कोष में दान दिए।

(35) श्री गंगा सभा (रजि0) द्वारा समय–समय पर देश की विख्यात हॉस्पिटलों के सहयोग से हरिद्वार में चिकित्सा शिविर एव रक्त दान शिविर लगवाये गये।

श्री गंगा सभा (रजि0) के कतिपय दैनिक कार्य

श्री माँ गंगा अर्चना : प्रतिदिन शास्त्रीय वैदिक पौराणिक विधि से श्री गंगा जी की पूजा–अर्चना व प्रातः एवं सायं भव्य आरती का आयोजन एवम् प्रातः भगवान शिव का प्रतिदिन रूद्राभिषेक लघुरूद्रात्यक एवं सायंकाल श्री गंगा जी का दुग्धाभिषेक विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा एवं श्रद्वालुओं को मध्याह्न भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है।

धर्म प्रचार : प्रतिदिन विद्वानों द्वारा वेद, उपनिषद्, गीता, पुराण आदि का प्रवचन। समय–समय पर मास महात्म्य, रामायण व पुराण पारायण।

प्राथमिक चिकित्सा कार्य : आहत, रुग्ण, पीड़ित यात्रियों को निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं एम्बूलैन्स संचालन। हर की पौड़ी पर एवं ज्वालापुर कनखल स्थित संस्था की धर्मशालाओं में निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा योग्य चिकित्सकों द्वारा संचालन।

खोया पाया विभाग एवं सूचना प्रसारण केन्द्र : मेलों पर खोये, लापता यात्रियों एवं सामान को उनके सम्बन्धित व्यक्तियों तक पहुंचाना।

वाचनालय : दैनिक, साप्ताहिक, मासिक पत्र पत्रिकाओं की सुविधा।

गंगा सेवक दल : श्री गंगा सभा के सैकड़ों स्वयं सेवकों द्वारा श्री गंगा जी के घाटों की सफाई का सेवा कार्य।

प्रचार : मद्यनिषेध समाज सुधार, सभा गोष्ठी, जयन्ती आदि का आयोजन एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक साहित्य का प्रकाशन

तीर्थ पुरोहित महिमा

प्रभावादद्भुताद्भूमेः सलिलस्य च तेजसा।
परिग्रहान्मुनीनां च तीर्थानां पुण्यता स्मृता। स्क0 पु0

दिव्य अलौकिक वातावरण की भूमि, अमृतमय तेजोयुक्त गंगाजल, मननशील तीर्थ पुरोहित–इन तीनों के समन्वित संयोग से तीर्थों में परम पुण्यप्रद फल मिलता है। तीर्थ, तीर्थ यात्री तथा तीर्थ पुरोहित का परस्पर में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। तीर्थ में तीर्थ पुरोहित के सान्निध्य व सदुपदेश मार्ग दर्शन से ही तीर्थ यात्रियों को कायिक, वाचिक, मानसिक शान्ति उपलब्ध हो सकती है।

हिन्दू सनातन धर्म में षोडश संस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान है, ये संस्कार हमारी अमूल्य सांस्कृतिक निधि हैं। मानव के दोषों को धोकर उसमें श्रद्धा, दया, करूणा, अहिंसा, सत्य आदि गुणों की स्थापना करना और उसके जीवन में सुख, शान्ति, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, पुरुषार्थ को प्रतिष्ठापित करना संस्कारों का लक्ष्य है। इन संस्कारों को आज तक कुल पुरोहितों एवं तीर्थ पुरोहितों ने संजोकर रखा है। पुरोहितों के बिना यजमान, तीर्थ यात्री का कोई कार्य सुसंपन्न नहीं हो सकता। वैदिक काल से लेकर आज तक समाज के समस्त धार्मिक कृत्य, पितृकार्य, देव कार्य, यज्ञ, अनुष्ठान आदि में पुरोहित की उपस्थिति और आशीर्वाद नितान्त अनिवार्य है। इस प्रकार वेद से लेकर ब्रह्म ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद्, पुराण आदि सभी सनातन शास्त्रों में तीर्थ पुरोहितों का यजमान से नित्य सम्बन्ध माना गया है।

आवश्यक निवेदन

1. विश्वख्यिात पौराणिक तीर्थ हरिद्वार की पवित्रता को बनाये रखना प्राणीमात्र की सर्वागीण भलाई तथा सेवा ही हमारा पुनीत कर्तव्य है।
2. गंगा को प्रदूषण से मुक्त रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है। गंगा तट पर

लगाना, कुल्ला दातून करना, कपड़े धोना, पोलीथीन, झूठे पत्ते आदि डालना वर्जित है। धार्मिक दृष्टि से भी यह पाप है।

3. बिना पूर्व अनुमति के हर की पौडी क्षेत्र में फोटो लेना वर्जित है।
4. हरिद्वार में मादक वस्तुओं तथा मांस आदि लाना एवं सेवन करना नितान्त वर्जित ही नहीं अपितु पाप है।
5. श्री गंगा सभा की और से हरकी पौड़ी में यात्रियों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सेवक उपलब्ध रहते है। आवश्यकतानुसार उनसे सम्पर्क कर सहयोग प्राप्त कीजिए।
6. श्री गंगा सभा हरिद्वार की ओर से हरकी पौड़ी पर यात्रियों की सुविधार्थ प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र,खोया पाया विभाग, ध्वनि प्रसारण की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध है।
7. हरकी पौड़ी गंगा तट पर जूता–चप्पल ले जाना वर्जित है। सभा द्वारा निःशुल्क जूता स्टाल सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध है।
8. प्रत्येक तीर्थयात्री की यात्रा तभी सफल हो सकती है जब आप अपने परम्परागत तीर्थ पुरोहित (पंडाजी) से मिल लेते है।
9. समस्त धार्मिक देव कार्यो पितृ–कार्यो को पूर्ण कराने के लिए अपने तीर्थ पुरोहित से सम्पर्क करें। पुरोहित जी के न मिलने पर श्री गंगा सभा के हर की पौड़ी कार्यालय पर सम्पर्क करें। सभा आपके वास्तविक तीर्थ पुरोहित से सम्पर्क करा देगी।
10. तीर्थो पर आकर सीधे अपने तीर्थ पुरोहितों के स्थान पर जाना चाहिए।

पुरोहित (पंडा जी) आपको बहीखाता दिखलायेंगे जिसमें आपके पुरखों का इतिहास लिखा होगा। यह एक अत्यन्त आवश्यक कार्य है। यह अपने तीर्थ पुरोहित की पहचान है।

11. ब्रह्मकुण्ड हरकी पौड़ी में अस्थिप्रवाह युग–युगान्तर से होता है। कृपया अपने तीर्थ पुरोहितों के द्वारा ही निर्धारित स्थल पर अस्थिप्रवाह कराये।

आगामी योजनायें

1. हरकी पैड़ी पर भव्य गंगाद्वार का निर्माण।
2. श्री लक्ष्मीचन्द्र पुरोहित धर्मशाला ज्वालापुर का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण।
3. श्री मालवीय धाम ज्वालापुर का उच्चीकरण ।
4. श्री गंगा सभा अतिथि भवन हरिद्वार का जीर्णोद्धार।
5. अशक्त गौ वंश हेतु गौशाला का निर्माण।
6. हरिद्वार तीर्थ के आसपास उपेक्षित तीर्थस्थलों का अनुरक्षण।
7. श्रीगंगा जी की आरती में यात्रियों की संख्या वृद्धि को देखते हुए ग्यारह आरती कर दी गई है।

उपर्युक्त कार्ययोजनाओं को सम्पन्न करने हेतु संस्था को आप श्रद्धालु जनों के सहयोग की आवश्यकता है। जो दानदाता किसी भी योजना में सहयोग अथवा सुझाव देना चाहते है कृपया वह श्री गंगा सभा (रजि0) के कार्यालय में सम्पर्क करने का कष्ट करें। सधन्यवाद

फोनः– 01334–227928 (मुख्य कार्यालय), 01334–227136 (शाखा कार्यालय)

कृष्ण कुमार शर्मा	पुरूषोत्तम शर्मा ''गांधीवादी''	रामकुमार मिश्रा
सभापति	अध्यक्ष	महामंत्री

चैत्र शुक्ल पक्ष, साधारण वि.सं. 2074 28 मार्च 2017 से 11 अप्रैल 2017 तक बसन्त ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	मंगल	29.47	++	++	++	28 मार्च	प्रतिपदा तिथि क्षय, श्री नवसवत्सर आरम्भ, नवरात्र प्रारम्भ
द्वितीया	बुध	26.47	रेवती	11.38	मेष11.38	29	
तृतीया	गुरू	23.45	अश्विनी	9.23	मेष	30	मत्स्य जयन्ती गौरी तृतीया व्रत
चतुर्थी	शुक्र	20.43	भरणी	7.5	वृष 12.31	31	भद्रा 10.13 से 20.43 तक गणेश चतुर्थी
			कृति	28.51	वृष		
पंचमी	शनि	17.51	रोहिणी	26.51	वृष	1 अप्रै.	
षष्ठी	रवि	15.16	मृग	25.11	मिथुन 13.58	2	स्कन्द षष्ठी व्रत
सप्तमी	सोम	13.04	आर्द्रा	23.55	मिथुन	3	भद्रा 13.04 से 24.10 तक
अष्टमी	मंगल	11.19	पुन.	23.10	कर्क17.17	4	दुर्गाष्टमी व्रत, रामनवमी , नवरात्रे समाप्त
नवमी	बुध	10.4	पुष्य	22.49	कर्क	5	
दशमी	गुरू	9.16	आश्ले	22.59	सिंह 22.59	6	भद्रा 21.04 से
एका.	शुक्र	8.58	मघा	23.34	सिंह	7	भद्रा 8.58 तक, कामदा एकादशी (सर्वेषाम)
द्वादशी	शनि	9.4	पू.फा.	24.34	सिंह	8	शनि प्रदोष व्रत
त्रयो.	रवि	9.35	उ.फा.	25.55	कन्या6.53	9	महावीर जयन्ती (जैन)
चतुदर्शी	सोम	10.27	हस्त	27.37	कन्या	10	भद्रा 10.27 से 23.01 तक व्रत पूर्णिमा (चन्द्रोदय 17.00 बजे) सत्यनारायण व्रत
पूर्णिमा	मंगल	11.41	चित्रा	29.39	तुला16.35	11	मन्वादि श्री हनुमान जयंती, चैत्र स्नानदान पूर्णिमा (द0भा0), वैशाख स्नान प्रारम्भ

वैशाख कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.स.2074, 12 अप्रैल 2017 से 26 अप्रैल 2017 तक बसन्त ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	बुध	13.15	स्वा.	0.00	तुला	12	
द्वितीया	गुरू	15.09	स्वा.	8.01	वृश्चि27.59	13	भद्रा 28.13 से, मेष की सक्रान्ति पुण्य काल अगले दिन 8.29 तक, वैशाखी स्नान
तृतीया	शुक्र	17.22	विशा.	10.41	वृश्चिक	14	भद्रा 17.22 तक,श्रीगणेश चतुर्थी (चन्द्रोदय 21.28)
चतुर्थी	शनि	19.47	अनु.	13.35	वृश्चिक	15	
पंचमी	रवि	22.17	ज्ये.	16.35	धनु 16.35	16	
षष्ठी	सोम	24.39	मूल	19.31	धनु	17	भद्रा 24.39 से,
सप्तमी	मंगल	26.41	पू.षा.	22.10	मकर28.46	18	भद्रा 13.44 तक,
अष्टमी	बुध	28.10	उ.षा.	24.20	मकर	19	श्री शीतलाष्टमी
नवमी	गुरू	28.57	श्रवण	25.50	मकर	20	
दशमी	शुक्र	28.05	धनि.	26.34	कुम्भ14.18	21	भद्रा 17.03 से 28.55 तक पंचक आरम्भ 14.18
एका	शनि	28.05	शत.	26.29	कुम्भ	22	वरूथिनी एकादशी (स्मार्त) बल्लभाचार्य जयन्ती
द्वादशी	रवि	26.27	पू.भा.	25.37	मीन19.55	23	वरूथिनी एकादशी (वैष्णव)
त्रयो.	सोम	24.05	उ.भा.	24.03	मीन	24	भद्रा24.05से सोम प्रदोष व्रत मासशिवरात्रि व्रत
चतुर्दशी	मंगल	21.09	रेवती	21.53	मेष 21.53	25	भद्रा 10.41 तक, पंचक समाप्ति 21.53
अमा.	बुध	17.47	अश्वि.	19.18	मेष	26	स्नान दान, देव पितृकार्य अमावस्या

वैशाख शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074, 27 अप्रैल 2017 से 10 मई 2017 तक बसन्त ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	गुरू	14.10	भरणी	16.29	वृष 21.46	27	चन्द्रदर्शन
द्वितीया	शुक्र	10.30	कृति	13.37	वृष	28	श्री परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया चारधाम यात्रा हरिद्वार से प्रारम्भ, शिवाजी जयन्ती
तृतीया	शनि	6.56	रोहिणी	10.54	मिथुन21.39	29	भद्रा 17.15 से 27.40 तक, गणेश चतुर्थी
चतुर्थी	शनि	27.39	+ +	+ +	+ +	+	चतुर्थी तिथि क्षय
पंचमी	रवि	24.49	मृग.	8.30	मिथुन	30	श्री शंकराचार्य जयन्ती
षष्ठी	सोम	22.31	आर्द्रा	6.34	कर्क23.29	1मई	श्री रामानुजाचार्य जयन्ती
			पुन.	29.13			
सप्तमी	मंगल	20.52	पुष्य	28.30	कर्क	2	भद्रा 20.52 से, श्री गंगा सप्तमी
अष्टमी	बुध	19.52	आश्ले	28.26	सिंह 28.26	3	भद्रा 8.17 तक, बगलामुखी जयन्ती
नवमी	गुरू	19.31	मघा.	29.00	सिंह	4	श्री जानकी जयन्ती
दशमी	शुक्र	19.46	पू.फा.	00.00	सिंह	5	
एका.	शनि	20.33	पू.फा.	6.08	कन्या12.29	6	भद्रा 8.06से20.33 तक मोहिनी एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	रवि	21.46	उ.फा.	7.44	कन्या	7	
त्रयो.	सोम	23.19	हस्त	9.43	तुला22.50	8	सोम प्रदोष वक्र
चतु.	मंगल	25.10	चित्रा	12.01	तुला	9	भद्रा 25.10 से नृसिंह जयन्ती
पूर्णिमा	बुध	27.14	स्वाती	14.32	तुला	10	भद्रा 14.10 तक, व्रत स्नान, दान वैशाख पूर्णिमा, श्री बुद्ध पूर्णिमा, श्री कूर्म जय., वैशाख स्नान समाप्त

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 11 मई से 13 मई तक बसन्त ऋतु 4 मई वृष की सक्रांन्ति से 25 मई 2017 ग्रीष्म ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	गुरू	29.28	विशा.	17.16	वृश्चि10.34	11	
द्वितीया	शुक	0.00	अनु.	20.08	वृश्चि	12	
द्वितीया	शनि	7.51	ज्ये.	23.06	धनु 23.06	13	भद्रा 21.03 से
तृतीया	रवि	10.16	मूल	26.04	धनु	14	भद्रा 10.16 तक वृष संक्रान्ति पुण्यकाल मध्याह्न उपरान्त गणेश चतुर्थी चन्द्रोदय 22.00
चतुर्थी	सोम	12.38	पू.षा	28.53	धनु	15	
पंचमी	मंगल	14.47	उ.षा.	00.00	मकर11.32	16	
षष्ठी	बुध	16.33	उ.षा.	7.23	मकर	17	भद्रा 16.33 से 29.13 तक
सप्तमी	गुरू	17.45	श्रवण	9.24	कुम्भ22.11	18	पंचक आरम्भ 22.11
अष्टमी	शुक्र	18.13	धनि.	10.46	कुम्भ	19	
नवमी	शनि	17.54	शत	11.23	मीन29.18	20	भद्रा 29.17 से 16.44 तक
दशमी	रवि	16.44	पू.भा.	11.10	मीन	21	
एका.	सोम	14.46	उ.भा.	10.09	मीन	22	अपरा एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	मंगल	12.05	रेवती	8.23	मेष8.23	23	पंचक समाप्ति 8.23 भौम प्रदोष व्रत
त्रयो.	बुध	8.50	अश्वि.	6.01	मेष	24	भद्रा 8.50 से 19.02 तक, महाशिवरात्रि व्रत
			भरणी	27.13			
चतु.	बुध	29.10	+ +	+ +	+ +	++	चतुर्दशी तिथिक्षय
अमा.	गुरू	25.15	कृति	24.09	वृष8.28	25	देवपितृकार्य अमावस्या, बट सावित्री व्रत

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.स.2074, 26 मई 2017 से 9 जून 2017 तक ग्रीष्म ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	शुक्र	21.19	रोहिणी	21.03	वृष	26	
द्वितीया	शनि	17.32	मृग.	18.05	मिथुन7.32	27	चन्द्रदर्शन
तृतीया	रवि	14.05	आर्द्रा	15.29	मिथुन	28	भद्रा 24.33 से
चतुर्थी	सोम	11.08	पुन.	13.24	कर्क7.59	29	भद्रा 11.08 तक गणेश चतुर्थी
पंचमी	मंगल	8.49	पुष्य	11.56	कर्क	30	
षष्ठी	बुध	7.12	आश्ले	11.12	सिंह11.12	31	
सप्तमी	गुरू	6.21	मघा.	11.13	सिंह	1जून	भद्रा 6.21 से 18.13 तक
अष्टमी	शुक्र	6.16	पू.फा.	11.59	कन्या18.17	2	
नवमी	शनि	6.52	उ.फा.	13.24.	कन्या	3	
दशमी	रवि	8.04	हस्त	15.22	तुला28.31	4	भद्रा 20.51 से श्री गंगादशहरा, हरिद्वार
एका.	सोम	9.44	चित्रा	17.46	तुला	5	भद्रा 9.44 तक, निर्जला एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	मंगल	1.45	स्वा.	20.27	तुला	6	भौम प्रदोष व्रत
त्रयो.	बुध	3.59	विशा.	23.18	वृश्चि16.34	7	
चतु.	गुरू	16.19	अनु.	26.13	वृश्चि	8	भद्रा 16.19से 29.30तक सत्यनारायण व्रत पूर्णिमा
पूर्णिमा	शुक्र	18.40	ज्ये.	29.08	धनु29.08	9	स्नान दान पूर्णिमा, सन्त कबीर जयन्ती

आषाढ कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं.2074 10 जून 2017 से 24 जून 2017 तक ग्रीष्म ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	शनि	21.00	मूल	0.00	धनु	10	
द्वितीया	रवि	23.14	मूल	8.01	धनु	11	
तृतीया	सोम	25.17	पू.षा.	10.45	मकर17.25	12	भद्रा 12.17 से 25.17 तक
चतुर्थी	मंगल	27.02	उ.षा.	13.17	मकर	13	श्री गणेश चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय 22.14 हरिद्वार
पंचमी	बुध	27.02	श्रवण	15.29	कुम्भ28.25	14	पंचक प्रारम्भ 28.25 से,
षष्ठी	गुरू	29.10	धनि.	17.13	कुम्भ	15	भद्रा 29.10 से, मिथुन की संक्रान्ति पुण्यकाल मध्याह्न 11:26 तक
सप्तमी	शुक्र	29.18	शत.	18.21	कुम्भ	16	भद्रा 17.15 तक
अष्टमी	शनि	28.42	पू.भा.	18.47	मीन12.45	17	
नवमी	रवि	27.20	उ.भा.	18.29	मीन	18	
दशमी	सोम	25.16	रेवती	17.27	मेष17.27	19	भद्रा 14.23 से 25.16 तक, पंचक समाप्ति 17.27 तक
एका.	मंगल	22.23	अश्वि.	15.44	मेष	20	योगिनी एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	बुध	19.17	भरणी	13.27	वृष18.48	21	प्रदोष व्रत
त्रयो.	गुरू	15.40	कृति.	10.45	वृष	22	भद्रा15.40 से 25.47 तक, मास शिवरात्रि व्रत
चतु.	शुक्र	11.52	रोहि.	7.48	मिथुन18.18	23	श्राद्ध की अमावस्या
			मृग.	28.8			
अमा.	शनि	8.02	आर्द्रा	25.57	मिथुन	24	शनिश्चरी अमावस्या,स्नान दान अमावस्या

आषाढ़ शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 25 जून 2017 से 9 जुलाई 2017 तक ग्रीष्म ऋतु रवि उत्तरायण

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	शनि	28.23	+	+	+	+	प्रतिपदा तिथि क्षय
द्वितीया	रवि	25.04	पुन.	23.36	कर्क18.01	25	चन्द्र दर्शन, श्री जगन्नाथ रथ महोत्सव
तृतीया	सोम	22.15	पुष्य	21.22	कर्क	26	
चतुर्थी	मंगल	20.04	आश्ले	19.59	सिंह19.59	27	भद्रा 9.05 से 20.04 तक, गणेश चतुर्थी
पंचमी	बुध	18.36	मघा.	19.17	सिंह	28	
षष्ठी	गुरू	17.54	पू.फा.	19.22	कन्या25.30	29	
सप्तमी	शुक्र	18.00	उ.फा.	20.13	कन्या	30	भद्रा 18.00 से, विवस्वत सप्तमी व्रत
अष्टमी	शनि	18.50	हस्त	21.47	कन्या	1जुलाई	भद्रा 6.20 तक
नवमी	रवि	20.18	चित्रा	23.57	तुला10.48	2	
दशमी	सोम	22.16	स्वाति	26.34	तुला	3	
एका.	मंगल	24.32	विशा.	0.00	वृश्चि22.43	4	भद्रा 11.23से24.32 तक हरिशयनी एकादशी (सर्वेषाम)
द्वादशी	बुध	26.56	विशा.	5.27	वृश्चि	5	
त्रयो.	गुरू	29.19	अनु.	8.26	वृश्चि	6	प्रदोष व्रत
चतु.	शुक्र	0.00	ज्येष्ठा	11.22	धनु11.22	7	
चतु.	शनि	7.34	मूल	14.09	धनु	8	भद्रा 7.34 से 20.37 तक, सत्यव्रत पूर्णिमा
पूर्णिमा	रवि	9.36	पू.षा.	16.44	मकर23.21	9	स्नानदान आषाढ़ी पूर्णिमा, गुरू पूर्णिमा, व्यास पूजन

श्रावण कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं.2074 10 जुलाई 2017 से 15 जुलाई 2017 तक ग्रीष्म ऋतु रवि उत्तरायण एवं 16 जुलाई कर्क की संक्रान्ति से 23 जुलाई 2017 वर्षा ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	सोम	11.24	उ.षा.	19.04	मकर	10	कांवड यात्रा प्रारम्भ
द्वितीया	मंगल	12.54	श्रवण	21.06	मकर	11	भद्रा 25.31 से
तृतीया	बुध	14.02	धनि.	22.46	कुम्भ9.59	12	भद्रा 14.02 तक पंचक आरम्भ 9.59 श्री गणेश चतुर्थी (चन्द्र दर्शन 21.35 हरिद्वार
चतुर्थी	गुरू	14.46	शत.	23.59	कुम्भ	13	
पंचमी	शुक्र	14.59	पू.भा.	24.42	मीन18.34	14	नागपंचमी
षष्ठी	शनि	14.39	उ.भा.	24.50	मीन	15	भद्रा 14.39 से 26.00 तक
सप्तमी	रवि	13.42	रेवती	24.23	मेष24.23	16	पंचक समाप्ति 24.23 तक कर्क की संक्रान्ति पुण्यकाल पुर्वदिन 9.43 से
अष्टमी	सोम	12.10	अश्वि.	23.20	मेष	17	
नवमी	मंगल	10.04	भरणी	21.46	वृष27.18	18	भद्रा 20.45 से
दशमी	बुध	7.29	कृति.	19.45	वृष	19	भद्रा 7.29 तक, कामिका एकादशी व्रत (स्मार्त)
एका.	बुध	28.29	++	++	++	++	एकादशी तिथिक्षय
द्वादशी	गुरू	25.14	रोहि.	17.24	मिथुन28.09	20	कामिका एकादशी व्रत (वैष्णव)
त्रयो.	शुक्र	21.51	मृग	14.53	मिथुन	21	भद्रा 21.51 से, मासशिवरात्रि व्रत, प्रदोष व्रत
चतु.	शनि	18.30	आर्द्रा	12.19	कर्क28.29	22	भद्रा 8.10 तक
अमाव.	रवि	15.19	पुर्न.	9.54	कर्क	23	श्राद्ध अमावस्या, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयन्ती

श्रावण शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 24 जुलाई 2017 से 7 अगस्त 2017 तक वर्षा ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घ.मि.	नक्षत्र	घ.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	सोम	12.27	पुश्य	7.45	कर्क	24	चन्द्रदर्शन
द्वितीया	मंगल	10.02	आश्ले	6.02	सिंह6.02	25	सिंधारा
			मघा.	28.53			
तृतीया	बुध	8.12	पू.फा.	28.24	सिंह	26	भद्रा 19.33 से, तिजो
चतुर्थी	गुरू	7.03	उ.फा.	28.38	कन्या10.23	27	भद्रा 7.03 तक, नाग पंचमी व्रत
पंचमी	शुक्र	6.38	हस्त	29.36	कन्या	28	कल्कि जयन्ती, श्रावणी उपाकर्म
षष्ठी	शनि	6.59	चित्रा	0.00	तुला18.26	29	
सप्तमी	रवि	8.03	चित्रा	7.18	तुला	30	भद्रा 8.05 से 20.54 तक, गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती अचला सप्तमी
अष्टमी	सोम	9.45	स्वाति	9.36	वृश्चि29.37	31	
नवमी	मंगल	11.54	विषा.	12.20	वृश्चि	1अगस्त	
दशमी	बुध	14.18	अनु.	15.18	वृश्चि	2	भद्रा 27.31 से
एका.	गुरू	16.43	ज्ये.	18.16	धनु18.16	3	भद्रा 16.43 तक, पवित्रा एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	शुक्र	18.57	मूल.	21.04	धनु	4	
त्रयो.	शनि	20.54	पू.षा.	23.35	धनु	5	शनि प्रदोष व्रत
चतु.	रवि	22.28	उ.षा.	25.43	मकर	6	भद्रा 22.28 से
पूर्णिमा	सोम	23.38	श्रवण	27.28	मकर	7	भद्रा 11.06 तक, व्रत स्नान दान श्रावणी पूर्णिमा, सत्यव्रत पूर्णिमा, रक्षा बन्धन भद्रा के बाद 11.6 चन्द्र ग्रहण भारत में दृश्य, स्पर्ष–10.44 रात्रि मध्य, 11.43 रात्रि मध्य, मोक्ष–12.43 रात्रि पर्व काल 1 घण्टा 59 मिनट

भाद्रपक्ष कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 8 अगस्त 2017 से 21 अगस्त 2017 तक वर्षा ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	मंगल	24.23	धनि.	28.50	कुम्भ16.12	8	पंचक प्रारम्भ 16.12
द्वितीया	बुध	24.42	शत.	29.43	कुम्भ	9	
तृतीया	गुरू	24.35	पू.भा.	00.10	मीन 24.08	10	भद्रा 12.41 से 24.35 तक, बूढ़ी तीज व्रत
चतुर्थी	शुक्र	24.01	पू.भा.	6.12	मीन	11	गणेश चतुर्थी व्रत (चन्द्रोदय 21.29) हरिद्वार
पंचमी	शुक्र	6.38	उ.भा.	6.16	मीन	12	पंचक समाप्ति 29.54
षष्ठी	रवि	21.29	रेवती	29.36	मेष29.54	13	भद्रा 21.38 से, चन्दन षष्ठी (चन्द्रोदय 22:56)
			अश्वि	29.7			
सप्तमी	सोम	19.50	भरणी	27.59	मेष	14	भद्रा8.42 तक, श्री कृष्णजन्माष्टमी व्रत (स्मार्त)
अष्टमी	मंगल	17.43	कृति.	26.32	वृष9.39	15	श्री कृष्णजन्माष्टमी व्रत (वैष्णव)
नवमी	बुध	15.19	रोहि.	24.50	वृष	16	भद्रा 26.03 से, सिंह की संक्रान्ति पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 7:10 तक, गोगा नवमी
दशमी	गुरू	12.44	मृग.	22.58	मिथुन11.55	17	भद्रा 12.44तक
एका.	शुक्र	10.02	आर्द्रा	21.02	मिथुन	18	अजा एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	शनि	7.18	पुन.	19.08	कर्क13.36	19	भद्रा 28.40 से, शनि प्रदोष व्रत
त्रयो.	शनि	28.40	++	++	++	+	त्रयोदशीतिथि क्षय
चतु.	रवि	26.13	पुष्य	17.23	कर्क	20	भद्रा 15.25 तक, महाशिवरात्रि व्रत
अमा.	सोम	24.04	आश्ले	15.53	सिंह15.53	21	सोमवती कृष ग्रहणी अमावस्या

भाद्रपद शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 22 अगस्त 2017 से 6 सितम्बर 2017 तक वर्षा ऋतु, रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	मंगल	22.19	मघा	14.45	सिंह	22	
द्वितीया	बुध	21.05	पू.फा.	14.05	कन्या20.01	23	चन्द्र दर्शन
तृतीया	गुरू	20.27	उ.फा.	14.00	कन्या	24	गौरी तृतीया व्रत, हरितालिका व्रत, वराह जयन्ती
चतुर्थी	शुक्र	20.30	हस्त	14.33	तुला27.04	25	भद्रा18.23से 20.30 तक गणेश चतुर्थी चन्द्र दर्शन निषेध, सामवेदी उपाकर्म
पंचमी	शनि	21.13	चित्रा	15.46	तुला	26	ऋषि पंचमी व्रत
षष्ठी	रवि	22.37	स्वाती	17.39	तुला	27	सूर्य षष्ठी व्रत
सप्तमी	सोम	24.34	विशा.	20.05	वृश्चि13.26	28	भद्रा 24.34 से, सन्तान सप्तमी
अष्टमी	मंगल	26.53	अनु.	22.55	वृश्चि	29	भद्रा 13.42 तक, राधाष्टमी व्रत, महालक्ष्मी व्रत प्रार.
नवमी	बुध	29.21	ज्ये.	25.55	धनु25.55	30	श्री चन्द्र नवमी व्रतोत्सव
दशमी	गुरू	0.00	मूल.	28.50	धनु	31	गुघाल मेला कनखल
दशमी	शुक्र	7.42	पू.षा.	40.00	धनु	1सित.	भद्रा 20.45 से
एका.	शनि	9.42	पू.षा.	7.27	मकर14.02	2	भद्रा 9.42 तक पद्मा एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	रवि	11.15	उ.षा.	9.37	मकर	3	प्रदोष व्रत गुघाल मेला ज्वालापुर, वामन द्वादशी
त्रयो.	सोम	12.13	श्रवण	11.15	कुम्भ23.52	4	पंचक प्रारम्भ 23.52 से
चतु.	मंगल	12.38	धनि.	12.20	कुम्भ	5	भद्रा 12.38 से 24.38 तक, व्रत पूर्णिमा, अनन्त चतुर्दशी पूर्णिमा, श्राद्ध, पितृ श्राद्ध
पूर्णिमा	बुध	13.30	शत	12.53	कुम्भ	6	स्नान दान पूर्णिमा, प्रतिपदा श्राद्ध

आश्विन कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074, 7 सितम्बर 2017 से 15 सितम्बर 2017 तक वर्षा ऋतु एवं 16 सितम्बर से कन्या की संक्रान्ति से 20 सितम्बर 2017 शरद ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घ.मि.	नक्षत्र	घ.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	गुरू	11.52	पू.भा.	12.55	मीन6.57	7	द्वितीया श्राद्ध
द्वितीया	शुक्र	10.45	उ.भा.	12.30	मीन	8	भद्रा 22.03 से तृतीया श्राद्ध
तृतीया	शनि	9.16	रेवती	11.44	मेष11.44	9	भद्रा9.16 तक, पंचक समाप्ति 11.44 गणेश चतुर्थी,चतुर्थी श्राद्ध (चन्द्रोदय 20.44) हरिद्वार
चतुर्थी	रवि	7.28	अश्वि	10.39	मेष	10	पंचमी श्राद्ध
पंचमी	रवि	29.27	++	++	++	+	पंचमी तिथि क्षय
षष्ठी	सोम	27.17	भरणी	9.22	वृष15.01	11	भद्रा 27.17 से, षष्ठी श्राद्ध
सप्तमी	मंगल	25.03	कृति.	7.56	वृष	12	भद्रा 14.10 तक, सप्तमी श्राद्ध
अष्टमी	बुध	22.48	रोहि. मृग.	6.28 28.59	मिथुन17.43	13	अष्टमी श्राद्ध, महालक्ष्मी व्रत समाप्त
नवमी	गुरू	20.36	आर्द्रा	27.33	मिथुन	14	नवमी श्राद्ध (सौभाग्वती स्त्रियों का श्राद्ध)मातृनवमी
दशमी	शुक्र	18.29	पुष्य	26.14	कर्क20.33	15	भद्रा 7.32 से 18.29 तक, दशमी श्राद्ध
एका.	शनि	16.31	पुष्य	25.04	कर्क	16	इन्दिरा एकादशी व्रत, एकादशी श्राद्ध, कन्या संक्रान्ति पुण्यकाल अगले दिन 7:03 तक
द्वादशी	रवि	14.43	आश्ले	24.06	सिंह24.06	17	द्वादशी/त्रयोदशी श्राद्धप्रदोष व्रत, विश्वकर्मा पूजन
त्रयो.	सोम	13.10	मघा	23.24	सिंह	18	भद्रा 13.10 से 24.30 तक, चतुर्दशी श्राद्ध, मासशिवरात्रि
चतु.	मंगल	11.55	पू.फा.	23.01	कन्या28.59	19	पितृकार्य अमा., सर्वपितृश्राद्ध पितृविर्सजन अमा.
अमा.	बुध	11.05	उ.फा.	23.03	कन्या	20	देवकार्य अमावस्या माता मह श्राद्ध (नाना–नानी का श्राद्ध)

आश्विन शुक्ल पक्ष, साधारण वि.सं. 2074 21 सितम्बर 2017 से 5 अक्टूबर 2017 तक, शरद ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	गुरू	10.36	हस्त	23.32	कन्या	21	श्री शारदीय नवरात्रारम्भ, अभिजित मूहूत 11.44 से 12.29 तक, अग्रसेन जयन्ती
द्वितीया	शुक्र	10.41	चित्रा	24.34	तुला24.34	22	
तृतीया	शनि	11.20	स्वा.	26.11	तुला	23	भद्रा 23.54 से
चतुर्थी	रवि	12.35	विशा.	28.20	वृश्चि21.45	24	भद्रा 12.35 तक
पंचमी	सोम	14.23	अनु.	0.00	वृश्चि	25	
षष्ठी	मंगल	16.39	अनु.	6.58	वृश्चि	26	कालरात्रि पूजन (अर्द्धरात्रि में)
सप्तमी	बुध	19.09	ज्ये.	9.56	धनु9.56	27	भद्रा 19.09 से, सरस्वती आवाहन
अष्टमी	गुरू	21.39	मूल	12.58	धनु	28	भद्रा 8.25 तक, सरस्वती पूजन, श्री दुर्गाष्टमी, शहीद भगत सिंह जयन्ती
नवमी	शुक्र	23.53	पू.षा.	15.49	मकर22.29	29	महानवमी भद्रकाली नवमी
दशमी	शनि	25.38	उ.षा.	18.17	मकर	30	विजयादशमी (दशहरा)सरस्वती विसर्जन, अपराजिता देवी पूजन
एका.	रवि	26.44	श्रवण	20.09	मकर	1अक्टू	भद्रा 14.17 से 26.44 तक, पापंकुशा एकादशी व्रत
द्वादशी	सोम	27.08	धनि.	21.20	कुम्भ8.50	2	पापंकुशा एकादशी व्रत (वैष्णव) पंचक आरम्भ 8.50 श्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती, श्री महात्मा गांधी जयंती
त्रयो.	मंगल	26.47	शत	21.49	कुम्भ	3	भौम प्रदोष व्रत
चतु.	बुध	25.46	पू.भा	21.37	मीन15.43	4	भद्रा 25.46 से, चण्डी चौदस,मेला शाकुम्भरी देवी
पूर्णिमा	गुरू	24.09	उ.भा.	20.48	मीन	5	भद्रा 13.02 तक, व्रत स्नान दान, पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा सत्यनारायण व्रत, बाल्मीकि जयन्ती, कार्तिक स्नान प्रारम्भ

कार्तिक कृष्ण पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074, 6 अक्टूबर से 2017 19 अक्टूबर 2017 तक शरद ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	शुक्र	22.04	रेवती	19.36	मेष19.30	6	पंचक समाप्ति 19.30 तक
द्वितीया	शनि	19.38	अश्वि.	17.51	मेष	7	
तृतीया	रवि	16.59	भरणी	15.58	वृष21.29	8	भद्रा 6.19 से 16.59 तक, करवा चतुर्थी, श्री गणेश चतुर्थी, चन्द्रोदय 8.08 रात्रि, हरिद्वार
चतुर्थी	सोम	14.17	कृति	14.01	वृष	9	
पंचमी	मंगल	11.37	रोहि.	12.07	मिथुन23.14	10	बृहस्पति अस्त
षष्ठी	बुध	9.09	मृग	10.23	मिथुन	11	भद्रा 9.09 से 19.59 तक
सप्तमी	गुरू	6.54	आर्द्रा	8.54	कर्क25.59	12	अहोई अष्टमी व्रत
अष्टमी	गुरू	28.58	++	++	++	+	अष्टमी तिथि क्षय
नवमी	शुक्र	27.20	पुन.	7.43	कर्क	13	
दशमी	शनि	26.02	पुष्य	6.49	सिंह30.18	14	भद्रा 14.39 से 26.02 तक
			आश्ले	30.18	सिंह		
एका.	रवि	25.04	मघा	30.05	सिंह	15	रमा एकादशी व्रत (सर्वेषाम)
द्वादशी	सोम	24.26	पू.फा.	30.14	सिंह	16	गोवत्स द्वादशी व्रत
त्रयो.	मंगल	24.09	उ.फा.	0.00	कन्या12.15	17	भद्रा 24.09 से प्रदोष व्रत, तुला संक्रान्ति, पुण्यकाल सूर्यादय उपरान्त सारा दिन, व्रत यमदीप दान, धनतेरस
चतु.	बुध	24.13	उ.फा.	6.37	कन्या	18	भद्रा 12.08 तक, मासशिवरात्रि व्रत, नरक चतुर्दशी, हनुमान जयन्ती (उ0भा0)
अमा.	गुरू	24.42	हस्त	7.25	तुला19.58	19	दीपावली, महालक्ष्मी पूजन, देवपितृकार्य अमा.

कार्तिक शुक्ल पक्ष, साधारण, वि.सं. 2074 20 अक्टूबर 2017 से 4 नवम्बर 2017 तक शरद ऋतु रवि दक्षिणायन

तिथि	वार	घं.मि.	नक्षत्र	घं.मि.	चन्द्र राशि प्रवेश	तारीख	विवरण
प्रतिपदा	शुक्र	25.36	चित्रा	8.37	तुला	20	गोवर्द्धन पूजा, अन्नकूट
द्वितीया	शनि	26.58	स्वा.	10.15	वृश्चि29.46	21	चन्द्रदर्शन, यम द्वितीया (भैय्यादूज)
तृतीया	रवि	28.49	विशा.	12.19	वृश्चि	22	
चतुर्थी	सोम	0.00	अनु.	14.49	वृश्चि	23	भद्रा 17.53 से
चतुर्थी	मंगल	7.03	ज्ये.	17.41	धनु17.41	24	भद्रा 7.03 तक
पंचमी	बुध	9.36	मूल	20.45	धनु	25	ज्ञान पंचमी (जैन)
षष्ठी	गुरू	12.15	पू.षा.	23.50	मकर30.35	26	सूर्य षष्ठी व्रत(छठ पूजा बिहार) स्कन्ध षष्ठी
सप्तमी	शुक्र	14.45	उ.षा.	26.40	मकर	27	भद्रा 14.45 से 27.52 तक
अष्टमी	शनि	16.51	श्रवण	29.02	मकर	28	गोपालष्टमी व्रत
